आकाशवाणी

देहरादून (उत्तराखण्ड)

सोमवार 21.10.2024 समय 1830

मुख्य समाचार :–

- मुख्यमंत्री ने आज लालकुआं–बांद्रा सुपरफास्ट ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।
- राज्य के पुलिस कर्मियों के आवासीय भवनों के निर्माण के लिए सौ करोड़ रुपये की धनराशि आवंटित की जाएगी।
- उड़ान योजना के आठ वर्ष पूरे, प्रधानमंत्री ने कहा – इस योजना ने भारत के विमानन क्षेत्र के परिदृश्य को बदल दिया है।
- राज्य सरकार, दीपावली से पहले प्रदेश के दुग्ध उत्पादकों को लंबित बकाया का भुगतान कर देगी।

लालकुंआ–बांद्रा सुपरफास्ट ट्रेन

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज सुबह लालकुआं–बांद्रा सुपरफास्ट ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस रेल सेवा शुरू होने से कैंची धाम, जागेश्वर सहित अन्य धार्मिक स्थलों के दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को यात्रा का एक बेहतर विकल्प मिलेगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रेल सेवा के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस ट्रेन के संचालन से आम लोगों को यात्रा करने में आसानी होगी। इस मौके पर सांसद अजय भट्ट ने कहा कि रेल सेवा शुरू होने से कुमाऊं क्षेत्र के लोगों की बहुत पुरानी मांग आज पूरी हो गई है। उम्मीद की जा रही है कि लालकुआं–बांद्रा सुपरफास्ट ट्रेन यात्रियों को आवाजाही में सुविधा देने के साथ ही राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने में सहायक साबित होगी। यह ट्रेन लालकुंआ से बांद्रा पहुंचने में चौबीस घंटे का समय लेगी।

घोषणा

राज्य के पुलिस कार्मिकों के लिए आवासीय भवन बनाने के लिए सौ करोड़ रुपए की राशि आवंटित की जाएगी। पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने यह घोषणा की है। देहरादून की पुलिस लाईन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड पुलिस विभाग में कार्यरत अधिकारियों और कर्मचारियों के पौष्टिक आहार भत्ते में में सरकार 100 रूपये की बढोतरी करेगी। इसके अलावा विभाग में कार्यरत निरीक्षकों और सहायक उप निरीक्षकों के वर्दी भत्ते में तीन हजार 500 रूपये की वृद्धि की जायेगी। मुख्यमंत्री ने नौ हजार फीट से अधिक ऊँचाई पर तैनात पुलिस और एस.डी.आर.एफ. कर्मियों को दिए जा रहे उच्च तुंगता भत्ता 200 रूपये प्रतिदिन से बढ़ाकर 300 रूपये प्रतिदिन करने की घोषणा भी की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी राज्य की पुलिस व्यवस्था उस राज्य की सुरक्षा और समृद्धि का एक अभिन्न स्तम्भ है।

उपचुनाव

चुनाव आयोग रूद्रप्रयाग जिले की केदारनाथ विधानसभा सीट सहित 15 राज्यों की 48 विधानसभा सीटों और 2 लोकसभा सीटों पर कल उपचुनाव की अधिसूचना जारी करेगा। 29 अक्टूबर तक नामांकन भरे

जा सकेंगे। 30 अक्टूबर को नामंकन पत्रों की जांच होगी और चार नवम्बर तक नामंकन वापस लिए जा सकते हैं। 20 नवम्बर को मतदान होगा और 23 नवम्बर को मतगणना की जाएगी।

## रेंडमाईजेशन

केदारनाथ विधानसभा उप निर्वाचन के लिए आज मतदान कार्मिकों का पहला रेंडमाईजेशन किया गया। जिला कार्यालय एनआईसी कक्ष में जिलाधिकारी सौरभ गहरवार की अध्यक्षता में राज्य निर्वाचन आयोग से प्राप्त साफ्टवेयर पर सूचना विज्ञान केंद्र द्वारा तैयार किए गए कार्मिकों के डाटा बेस के आधार पर रेंडमाईजेशन किया गया। इस अवसर पर नोडल अधिकारी, कार्मिक, डॉ. जीएस खाती ने बताया कि 173 पोलिंग बूथों पर 10 प्रतिशत रिजर्व कार्मिकों सहित 191 पोलिंग पार्टियां तैयार की गई हैं।

## उड़ान योजना आठ वर्ष पूरे

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज कहा कि सरकार की उड़ान (उड़े देश का आम नागरिक) योजना ने भारत के विमानन क्षेत्र के परिदृश्य को बदल दिया है। उड़ान योजना की 8वीं वर्षगांठ के अवसर पर प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि इस योजना ने हवाई अड्डों और हवाई मार्गों की संख्या में वृद्धि के साथ करोड़ों लोगों के लिए हवाई सफर संभव बनाया है। उन्होंने कहा कि इस योजना का व्यापार और वाणिज्य तथा क्षेत्रीय विकास को आगे बढ़ाने पर व्यापक प्रभाव पड़ा है। श्री मोदी ने कहा कि आने वाले समय में सरकार लोगों के लिए बेहतर कनेक्टिविटी और सुविधा पर ध्यान केंद्रित करते हुए विमानन क्षेत्र को मजबूत करना जारी रखेगी।

## लंबित बकाया भुगतान

दीपावली से पहले राज्य सरकार ने दुग्ध उत्पादक किसानों को बड़ी सौगात दी है। सरकार दीपावली से पहले दुग्ध उत्पादक किसानों को उनके लंबित बकाए का पूरा भुगतान कर देगी। सचिवालय में आज पत्रकारों के साथ बातचीत में पशुपालन मंत्री सौरभ बहुगुणा ने कहा कि सरकार पशुपालकों के हित में लगातार काम कर रही है। उन्होंने बताया कि किसानों का दुग्ध संघों पर करीब साढ़े 12 करोड़ रुपए बकाया चल रहा है। इसी तरह दुग्ध प्रोत्साहन राशि के रूप भी 5 करोड़ नवासी लाख रुपए का बकाया भी रहा है। इस सभी बकाया राशि का भुगतान दिवाली से पहले किया जाएगा, जिससे  करीब 53 हजार दुग्ध उत्पादक किसानों को फायदा मिलेगा।

## बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग सुधारीकरण कार्य

राष्ट्रीय राजमार्ग और अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड– एन०एच०आई०डी०सी०एल ने बद्रीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग के सुधारीकरण का काम शुरू कर दिया है। एन०एच०आई०डी०सी०एल कमेडा से हेलंग तक 20 भूस्खलन क्षेत्रों और 11 भूधसाव स्थलों का उपचार करेगा। इसके लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी करने के साथ ठेकदारों को काम बांट दिए गए हैं। इस वर्ष यात्रा सीजन समाप्त होने के बाद उपचार कार्य तेजी के साथ किया जाएगा और इन सभी कामों को अगले यात्रा सीजन से पहले पूरा करने का लक्ष्य है।

आभार व्यक्त

मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने पिथौरागढ़ जिले के धारचूला विधानसभा क्षेत्र स्थित रालम गांव के निवासियों को सेवा, आतिथ्य और समर्पण के लिए पत्र लिखकर आभार व्यक्त किया है। इसके साथ ही मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने आईटीबीपी के जवानों की भी सराहना की है। श्री कुमार ने उत्तराखण्ड के मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बी.वी.आर.सी. पुरुषोत्तम को पत्र लिखकर यह जानकारी दी है। गौरतलब है कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त 16 अक्टूबर को पिथौरागढ़ जिले के धारचूला विधानसभा क्षेत्र के दूरस्थ मतदान स्थलों में निर्वाचन प्रक्रिया के संचालन और संपादन के संबंध में धरातलीय अध्ययन के लिए प्रवास पर आए थे। इस दौरान मौसम की खराबी के कारण मुख्य निर्वाचन आयुक्त के हैलीकॉप्टर की रालम गांव में एहतियातन लैंडिंग की गई, जहां उन्होंने रात्रि विश्राम किया था।

दीवार निर्माण

हरिद्वार जिले में स्थित श्यामपुर क्षेत्र के आबादी क्षेत्र में हाथियों का प्रवेश रोकने के लिए वन विभाग करीब नौ किलोमीटर लंबी दीवार बनाएगा। इसके लिए वन विभाग ने सर्वे पूरा कर लिया है। वन विभाग के अधिकारियों ने हाथियों के आवागमन को देखते हुए कई गांवों का निरीक्षण किया, उसके बाद कार्य योजना के अनुसार गांव और हाथी कॉरीडोर को चिन्हित किया गया। वन विभाग ने ग्रामीणों से अपील की है कि जिन जगहों पर हाथियों का आवागमन सबसे अधिक होता है उन जगहों पर सर्तकता बरते।

गुलदार

टिहरी जिले के घनसाली ब्लॉक में स्थित ग्राम पंचायत कोट महर गांव समेत अन्य गांवों में नरभक्षी गुलदार को मारने के लिए आठ शूटरों की टीम गठित की गई है। पिछले शनिवार को गुलदार ने ग्राम पंचायत कोट महरगांव में एक किशोरी को मार डाला था। इससे पहले 22 जुलाई को भौंड़ गांव में नौ वर्षीय बच्ची और 29 सितंबर को पूर्वाल गांव में तीन वर्षीय बालक को गुलदार ने निवाला बनाया था।